विज्ञापन सं. 2025-26/08/PK/EAT,T/004 **दिनांक: 15.10.2025**

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उद्यम)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न और भारत की प्रमुख व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपनी पंचकूला यूनिट के लिए स्थायी आधार पर निम्नलिखित कर्मियों की आवश्यकता है:

**1.0 पदों का विवरण, न्यूनतम पात्रता मानदंड और वेतनमान:**

| क्रम संख्या | पद | 01.10.2025 को योग्यता | सामान्य वर्ग के लिए दिनांक 01.10.2025 को ऊपरी आयु सीमा | विषय (श्रेणी) / ट्रेड | पदों की संख्या | आरक्षण | ग्रेड/कैरियर पथ/वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु * (ईएटी) | संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में 3 साल का डिप्लोमा | 28 वर्ष | इलेक्ट्रॉनिक्स | 3 | अनारक्षित - 1<br>ईडब्ल्यूएस - 1<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) -1 | WG-VII / CP-VI<br>वेतनमान: रु. 24,500 – 3% – Rs. 90,000/- + स्वीकार्य भत्ते |
| | | | | मैकेनिकल (यांत्रिकी) | 2 | अनारक्षित - 1<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) -1 | |
| | | | | **कुल** | **5** | | |
| 2 | तकनीशियन 'सी' | एसएसएलसी + आईटीआई + संबंधित ट्रेड में एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप (राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाण-पत्र) | 28 वर्ष | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | 8 | अनारक्षित - 2<br>ईडब्ल्यूएस - 2<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) - 3<br>SC - 1 | WG-IV/ CP-V<br>वेतनमान: रु. 21500-3%-82000+ स्वीकार्य भत्ते |
| | | | | फिटर | 2 | अनारक्षित - 1<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) -1 | |
| | | | | **कुल** | **10** | | |

* अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु * (ईएटी) को छह महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके दौरान उन्हें 24,000 रुपये मासिक वृत्ति दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और ग्रेडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर, उन्हें ऊपर बताए गए नियमित वेतनमानों में रखा जाएगा।

**नोट:** दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

**प्रयुक्त संक्षिप्त रूप:** यूआर=अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग(एनसीएल)=अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर), एस.सी=अनुसूचित जाति, एस.टी=अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस=आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूबीडी= दिव्यांगजन

## 2.0 पात्रता मानदंड:

2.1 **राष्ट्रीयता** : उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए।

2.2 **i) आयु मानदंड (01.10.2025 को) :**

| **क्र.सं.** | **पद** | **न्यूनतम आयु सीमा (01.10.2025 को)** | **ऊपरी आयु सीमा (01.10.2025 को)** |
|---|---|---|---|
| 01 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) | 18 वर्ष | 28 वर्ष |
| 02 | तकनीशियन 'सी' | 18 वर्ष | 28 वर्ष |

**ii) ऊपरी आयु सीमा में छूट:**

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **आयु में छूट** |
|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 2 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 3 | दिव्यांगजन जिनकी विकलांगता न्यूनतम 40% हो | 10 वर्ष |

विज्ञापन में दर्शाए गए आयु, पात्रता इत्यादि में छूट रिक्ति के अनुसार संबंधित वर्ग की श्रेणी में दी जाएगी।

a. मैट्रिक/ उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण करने पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र, जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, आयु के समर्थन में एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा। यदि मैट्रिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न हो, तो सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

b. निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा सामान्य और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के उम्मीदवारों पर लागू है।

c. आयु में छूट के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्रों की प्रति संलग्न करनी होगी और चयन प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में सत्यापन के लिए मूल प्रति जमा करनी होगी।

d. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/ जाति/ विकलांगता प्रमाण-पत्र बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होना चाहिए। ऐसा न होने पर, उम्मीदवारों को 'सामान्य' श्रेणी के अंतर्गत माना जाएगा, बशर्ते वे सामान्य उम्मीदवारों के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा करते हों।

e. ***अन्य पिछड़ा वर्ग - नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण/ छूट/ रियायत*** के लिए, दस्तावेज़ सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा 01.10.2024 को या उसके बाद जारी "केंद्र सरकार के पदों पर नियुक्ति" के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में घोषणा के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। आय प्रमाण-पत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र नहीं माना जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट: www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)

f. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वर्ष 2025-2026/ 2025 के ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र*** पर विचार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट: www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)।

g. श्रेणी (सामान्य/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ ईडबल्यूएस/ दिव्यांग/ भूतपूर्व सैनिक) में परिवर्तन का अनुरोध ऑनलाइन आवेदन में घोषित किए जाने के बाद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

h. दिव्यांगजन (दिव्यांग) श्रेणी के उम्मीदवारों को, जिनकी न्यूनतम 40% विकलांगता है, उल्लिखित अनुसूचित जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के लिए लागू छूट के अतिरिक्त 10 (दस) वर्ष की छूट मिलेगी।

i. भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप में अनुलग्नक-3 जमा करना होगा।

## 3.0 शैक्षिक योग्यता:

**I.** अभियांत्रिकी **सहायक प्रशिक्षु:**

a) उम्मीदवारों ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय/ श्रेणी में इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा पूरा किया हो।

b) सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों ने आवश्यक योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 60% कुल अंक प्राप्त किए हों, अनुसूचित जाति/ दिव्यांगजन उम्मीदवारों ने न्यूनतम 50% कुल अंक प्राप्त किए हों।

c) जहाँ भी संस्थान द्वारा मूल्यांकन में CGPA/OGPA/DGPA और क्रेडिट प्रणाली हो तो उम्मीदवारों को विश्विद्यालय नियम अनुसार CGPA और क्रेडिट से प्रतिशत / समकक्ष प्रतिशत को प्रतिशत में बदलने का फॉर्मूला संलग्न करना होगा।

d) अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु के पद के लिए निम्न विषय / श्रेणी में इंजीन्यरिंग में डिप्लोमा पर ही विचार किया जाएगा। किसी अन्य विषय / श्रेणी में इंजीन्यरिंग में डिप्लोमा पर विचार नहीं किया जाएगा। समकक्ष योग्यता/ विषय पर विचार करने के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| **विषय/ श्रेणी** |
|---|
| इलेक्ट्रॉनिक्स |
| मैकेनिकल (यांत्रिक) |

सामान्य/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 01.10.2025 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष है। अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष और दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी जा सकती है। विज्ञापन में दर्शाए गए आयु, पात्रता, कंप्यूटर आधारित परीक्षा/ लिखित परीक्षा आदि में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत इत्यादि में छूट रिक्ति के अनुसार संबंधित वर्ग की श्रेणी में दी जाएगी।

e) अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) को छह महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके दौरान उन्हें 24,000 रुपये मासिक वृत्ति दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और ग्रेडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर, उन्हें ऊपर बताए गए नियमित वेतनमानों में रखा जाएगा।

**II. तकनीशियन 'सी':**

a) उम्मीदवारों ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित श्रेणी में एसएसएलसी+आईटीआई और संबंधित श्रेणी में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र के साथ एक वर्षीय शिक्षुता प्रशिक्षण या संबंधित श्रेणी में एसएसएलसी + 3 वर्षीय राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पूरा किया हो।

b) **तकनीशियन 'सी'** पद के लिए निम्न विषय / श्रेणी में आईटीआई / एनएसी पर ही विचार किया जाएगा। किसी अन्य विषय / श्रेणी में विचार नहीं किया जाएगा। समकक्ष योग्यता/ विषय पर विचार करने के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| विषय/ श्रेणी Discipline/ Trade |
|---|
| इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक/ Electronic Mechanic |
| फिटर/ Fitter |

c) सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग(एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों ने आवश्यक योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 60% कुल अंक प्राप्त किए हों, एससी/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों ने न्यूनतम 50% कुल अंक प्राप्त किए हों। General / OBC/ EWS candidates should have secured minimum 60% aggregate marks, SC & PwBD candidates should have secured minimum 50% aggregate marks in essential qualification.

d) जहाँ भी संस्थान द्वारा मूल्यांकन में CGPA/OGPA/DGPA और क्रेडिट प्रणाली हो तो उम्मीदवारों को विश्विद्यालय नियम अनुसार CGPA और क्रेडिट से प्रतिशत / समकक्ष प्रतिशत को प्रतिशत में बदलने का फॉर्मूला संलग्न करना होगा।

e) सामान्य/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए, 01.10.2025 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष है। ऊपरी आयु सीमा में एससी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग(एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी गई है।

## 4.0 अनुभव : शून्य

## 5.0 हरियाणा रोजगार कार्यालय में पंजीकरण:

इंजीनियरिंग सहायक प्रशिक्षु और तकनीशियन 'सी' के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए हरियाणा रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। रोजगार कार्यालय का पंजीकरण 05.11.2025 (आवेदन की अंतिम तिथि) तक वैध और सक्रिय होना चाहिए। अवैद्य/ निष्क्रिय रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऐसे उम्मीदवार जिनके नाम नियोजन कार्यालय द्वारा प्रायोजित किए गए हैं, उन्हें आवेदन की अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 6.0 चयन पद्धति:

a. योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार कर लिए गए हैं, उम्मीदवारों को पंचकूला/ कोई अन्य उचित स्थान पर आयोजित होने वाली **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** के लिए अनंतिम रूप से चुना जाएगा।

b. योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए, उम्मीदवारों को एक एसएमएस और ई-मेल भेजा जाएगा। उन्हें बीईएल वेबसाइट पर लॉग इन करके अपने **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अपने क्रेडेंशियल दर्ज करने होंगे।

c. उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेना होगा और उसमें दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र ई-मेल या पारंपरिक डाक के माध्यम से नहीं भेजे जाएँगे।

d. जिन उम्मीदवारों के आवेदन ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किए गए हैं, वे संबंधित केंद्र पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं। प्रवेश पत्र बीईएल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएँगे।

e. पात्र उम्मीदवारों को 150 अंकों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा देनी होगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

**भाग I:** **सामान्य योग्यता:** 50 अंक - इसमें सामान्य मानसिक योग्यता और तार्किक तर्क, विश्लेषणात्मक, बोध क्षमता, बुनियादी संख्यात्मकता, आँकड़ों की व्याख्या कौशल और सामान्य ज्ञान शामिल हैं।

**भाग II :** **तकनीकी योग्यता:** 100 अंक - इसमें तकनीकी/ व्यावसायिक ज्ञान परीक्षा होगी जिसमें संबंधित विषय के 100 विशिष्ट प्रश्न होंगे।

न्यूनतम अर्हक अंक

| **श्रेणी** | **भाग I** | **भाग II** |
|---|---|---|
| सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग / ईडब्ल्यूएस | 35% | 35% |
| एससी/ पीडब्ल्यूबीडी | 30% | 30% |

कंप्यूटर आधारित परीक्षा/ लिखित परीक्षा आदि में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित श्रेणी में उस विशेष विषय में रिक्ति के अधीन प्रदान की जाएगी।

केवल लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने से उम्मीदवार अंतिम चयन के लिए पात्र नहीं होंगें, क्योंकि यह संबंधित श्रेणियों में पदों की संख्या, आरक्षण पदों, लागू अनुपात, सापेक्ष प्रदर्शन आदि से संबंधित है और पात्रता मानदंडों और अन्य मापदंडों को पूरा करने के अधीन है।

f. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची बीईएल वेबसाइट पर "क्वेरी" मोड में उपलब्ध होगी।

g. कंप्यूटर आधारित परीक्षा संभवतः नवंबर/ दिसंबर, 2025 महीने में आयोजित की जाएगी।

6.1 **गैर-कार्यपालक चयन के संबंध में लिखित परीक्षा के अंकों में बराबरी के समाधान की विधि:**

बराबरी की स्थिति में, योग्यता तय करने के लिए निम्नलिखित को ध्यान में रखा जाएगा:

1. तकनीकी भाग में उच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी, यदि बराबरी बनी रहती है;
2. सामान्य जागरूकता भाग में उच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी, यदि बराबरी बनी रहती है;
3. योग्यता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत, यदि बराबरी बनी रहती है;
4. जन्मतिथि में वरिष्ठता पर विचार किया जाएगा.

**7.0 वेतन एवं भत्ते** : चयनित उम्मीदवारों को 1.0 पर तालिका में उल्लिखित वेतनमान में शामिल किया जाएगा। अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) को छह महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके दौरान उन्हें 24,000 रुपये मासिक वृत्ति दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और ग्रेडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर, उन्हें ऊपर बताए गए नियमित वेतनमानों में रखा जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, कंपनी के नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, वार्षिक मूल वेतन पर 30% की दर से भत्ते, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, समूह बीमा, पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी आदि पारिश्रमिक पैकेज का हिस्सा होंगे।

**8.0 आवेदन शुल्क:**

सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 500 रुपये + 18% जीएसटी अर्थात् 590 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा।.

i. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग/ भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है।

ii. आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले, उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

iii. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क कंपनी/ बैंक द्वारा उम्मीदवारों को **वापस नहीं किया जाएगा**।

iv. आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम अर्थात् **एसबीआई कलेक्ट** के माध्यम से जमा किया जाना है।

**भुगतान करने के निर्देश:**

बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें या इस लिंक पर क्लिक करें–

1) www.onlinesbi.sbi पर जाएँ और चुनें: - स्टेट बैंक कलेक्ट
2) नियम और शर्तें स्वीकार करें और proceed पर क्लिक करें निगम/संस्था का राज्य चुनें: - All India
3) पीएसयू - सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम चुनें: - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सबमिट दबाएँ
4) भुगतान श्रेणी चुनें: - पद का नाम: Technician C / EAT for PK unit
5) ऊपर बताए अनुसार भुगतान पूरा करें
6) भुगतान रसीद का प्रिंट/ स्क्रीनशॉट लेकर उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें स्क्रीनशॉट सहित विस्तृत निर्देश विज्ञापन के साथ दिए गए हैं।

उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में भुगतान करने के बाद प्राप्त **"एसबीआई कलेक्ट रिफ्रेन्स नंबर"** का उल्लेख करना होगा।

किसी भी त्रुटि जैसे आवेदक के बैंक खाते से राशि की कटौती करने में विफलता, भुगतान को वापस लेना, बीईएल द्वारा विज्ञापित किसी अन्य पद के खिलाफ भुगतान आदि के कारण आवेदन शुल्क का भुगतान न करने के परिणामस्वरूप किसी भी कारण से बीईएल द्वारा भुगतान प्राप्त नहीं किया गया है जिसके लिए बीईएल को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 9.0 आवेदन कैसे करें:

(a) उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उम्मीदवार ऑनलाइन लिंक https://jobapply.in/bel2025panchkulaeattech का उपयोग करके आवेदन पत्र भर सकते हैं। ऑनलाइन लिंक बीईएल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

(b) जो उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा और निर्धारित तरीके से प्रत्येक पद के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा ।

(c) उम्मीदवारों के पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होना आवश्यक है, जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में करना होगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा और अन्य पत्राचार से संबंधित जानकारी उम्मीदवार द्वारा दी गई ई-मेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी साझा नहीं करनी चाहिए। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा। एक बार ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

(d) उम्मीदवार के पास सभी वैध अंक-पत्र/अंतिम प्रमाण-पत्र होने चाहिए।

(e) यदि न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में आवश्यक अंतिम प्रमाण-पत्र में विशेषज्ञता का कोई उल्लेख नहीं है, तो उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय मूल में विशिष्टता का स्पष्ट उल्लेख करते हुए संस्थान/ मंडल/ परिषद/ विश्वविद्यालय से एक प्रमाण-पत्र फोटोकॉपी के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(f) कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान पावती पर्ची का प्रिंटआउट अपने पास रखें।

(g) **कृपया आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी बीईएल कार्यालय को न भेजें क्योंकि किसी भी मैनुअल/ कागज़ी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(h) पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों ।

(i) किसी भी कारण यदि अंतिम समय तक अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।

## 10.0 सामान्य निर्देश:

a. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा जो पद के लिए उपर्युक्त सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। हालाँकि, आवेदक की अभ्यर्थिता अनंतिम होगी और उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/ प्रशंसा-पत्रों के सत्यापन के अधीन होगी। अधिकतम स्वीकार्य आयु और योग्यता तय करने की महत्वपूर्ण तिथि 01.10.2025 होगी।

b. सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि उम्मीदवार ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

c. विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/ बोर्ड/ परिषद/ विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। जहाँ भी अंतिम/ दीक्षांत समारोह प्रमाण-पत्र में सीजीपीए/ ओजीपीए/ डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहाँ विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में उसके समकक्ष अंकों का प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। सीजीपीए/ ओजीपीए/ डीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण दस्तावेज़ सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

d. आयु, योग्यता, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा/ लिखित परीक्षा आदि में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत आदि में छूट विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित श्रेणी में उस विशेष विषय में रिक्ति के अधीन प्रदान की जाएगी। किसी विशेष विषय के लिए श्रेणी/ जाति आधारित पदों में रिक्ति के अभाव में, श्रेणी के उम्मीदवार जो आवेदन करते हैं कोअनारक्षित मानदंड के समतुल्य माना जाएगा।

e. कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को सरकार द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

f. आवेदक स्वास्थ्य होना चाहिए। स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, मेडिकल फिटनेस के मानदंडों और मानकों के अनुसार आयोजित की जाने वाली पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा में उनके चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी।

g. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए गए सभी बाहरी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग/ भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को भारत में उनके पत्राचार पते/ स्थान से आने-जाने का यात्रा भत्ता (स्लीपर श्रेणी का रेल किराया) वास्तविक टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए सबसे छोटा मार्ग आवेदन पत्र में पत्राचार पते के रूप में घोषित स्थान और वास्तविक यात्रा प्रारंभ स्थान के बीच की दूरी होगी, जो भी निकटतम हो। यह भी ध्यान रखें कि उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत प्रासंगिक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद यात्रा भत्ता भुगतान के लिए कंप्यूटर आधारित

परीक्षा के समय बैंक खाते का विवरण, आगे की यात्रा के लिए रेलवे/ बस टिकट और स्व-सत्यापित अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यात्रा के लिए यात्रा भत्ता (टीए) का दावा करने वाले अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को मूल जाति/विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रतिपूर्ति बाद में ईसीएस के माध्यम से की जाएगी।

h. स्थानीय यात्रा व्यय, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा।

i. यदि किसी आवेदक ने पूर्व में अपने नियोक्ता या बीईएल के साथ मुकदमा किया है, तो उसका संक्षिप्त उल्लेख ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से करना होगा।

j. अपूर्ण और बिना किसी निर्धारित शुल्क वाले ऑनलाइन आवेदनों को बिना कोई कारण बताए तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

k. पोर्टल पर केवल पंजीकरण का अर्थ यह नहीं होगा कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा कर रहा है। दस्तावेज़ सत्यापन के समय मूल रूप में प्रासंगिक और वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत करके इसकी पुष्टि करनी होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की पुनर्जाँच/पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है।

l. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन जमा नहीं किए जाने चाहिए। एक से अधिक आवेदनों की स्थिति में, केवल नवीनतम वैध (पूर्ण) आवेदन ही रखा जाएगा और अन्य आवेदन के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

m. परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फ़ोन/पेजर/आईपैड/टैबलेट/स्मार्ट वॉच/कैलकुलेटर या ऐसा कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना सख्त वर्जित है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इन्हें परीक्षा हॉल में न ले जाएँ। परीक्षा हॉल के अंदर किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने पर उम्मीदवार की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

n. उम्मीदवार की पात्रता, पात्रता की जाँच के चरण, योग्यताएँ और अन्य पात्रता मानदंड संबंधी सभी मामलों में बीईएल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।

o. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी उम्मीदवार को उसके चयन न होने की सूचना अलग से नहीं दी जाएगी।

p. श्रेणी, आवेदन में घोषित होने के बाद मेल आईडी/ईमेल आईडी/पद बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

q. अभ्यर्थियों को आवेदन में सावधानीपूर्वक विवरण दर्ज करना होगा और यथा निर्धारित दस्तावेज संलग्न करने होंगे। जाँच और चयन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए विवरण पर आधारित होगा। गलत/ झूठी जानकारी और गलत या अपूर्ण जानकारी देने पर अयोग्य ठहराया जाएगा और ऐसी गलत/ झूठी/ असत्य/ अपूर्ण जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

r. यदि किसी भी कारण से अभ्यर्थिता उपयुक्त नहीं मानी जाती है, तो बीईएल कंप्यूटर आधारित परीक्षा/अंतिम दस्तावेज़ सत्यापन के किसी भी चरण में उम्मीदवार को परीक्षा से वंचित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

s. चयन प्रक्रिया के किसी भी / सभी चरण में प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा। उम्मीदवार को कंप्यूटर आधारित परीक्षा/नियुक्ति के अनंतिम प्रस्ताव के लिए प्रवेश पत्र जारी करने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि बीईएल द्वारा उसकी अभ्यर्थिता स्वीकृत कर ली गई है।

t. योग्यता की न्यूनतम आवश्यकता पूरी करने मात्र से उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा।

u. बीईएल चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ऊपर दर्शाए गए किसी भी मानदंड, चयन पद्धति, पदों की संख्या में परिवर्तन (रद्द/संशोधित/जोड़) करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीईएल आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई और सूचना जारी किए या उसके बाद कोई कारण बताए भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तृत/परिवर्तित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

v. यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में या कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभ्यर्थिता अस्वीकार की जा सकती है। यदि बीईएल को ऐसा कोई साक्ष्य/ज्ञान मिलता है कि आवेदन/अन्य प्रपत्रों/प्रारूपों/घोषणाओं में दर्शाई गई योग्यता, अनुभव और अन्य विवरण मान्य नहीं हैं/गलत/भ्रामक हैं और/या ऐसी जानकारी/विवरण को छिपाया गया है जो बीईएल के ध्यान में लाया जाना चाहिए था, तो भी अभ्यर्थिता किसी भी चरण में अस्वीकार की जा सकती है।

w. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के चिकित्सा मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी। कंपनी के चिकित्सा मानकों के अनुसार, किसी एक चिकित्सा स्थिति में, वर्णांधता वाले उम्मीदवार इन पदों के लिए अनुपयुक्त पाए जाएँगे।

x. किसी भी रूप में परीक्षा पर प्रभाव डालने पर अयोग्यता घोषित कर दी जाएगी। यदि उम्मीदवार उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

y. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण के अलावा किसी अन्य संस्करण में प्रावधानों की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

z. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद पंचकूला/चंडीगढ़ स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

aa. बीईएल की एक सुदृढ़ और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहाँ चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित होता है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क नहीं मांगता या वसूलता नहीं है या धन जमा करने का अनुरोध नहीं करता है। हम रोज़गार के इच्छुकों से आग्रह करते हैं कि वे धोखेबाजों द्वारा हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने और बीईएल में नौकरी के बदले भुगतान की मांग करने वाले किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसी धोखाधड़ी वाली कार्रवाइयों से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है।

bb. बीईएल ऐसे धोखेबाजों के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

cc. उपर्युक्त भर्ती भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पंचकूला के लिए है। बहरहाल, चयनित अभ्यर्थी को कंपनी की आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थानों, परियोजनाओं/ बाहरी स्थलों में भी सेवा प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है।

dd. उन उम्मीदवारों के लिए जो पहले से ही भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की किसी भी इकाई में कार्यरत हैं, अपने आवेदन संबंधित मानव संसाधन के माध्यम से भेजना अनिवार्य है या यदि चयन प्रक्रिया के दौरान यह पता चलता है कि संबंधित मानव संसाधन द्वारा आवेदन अग्रेषित नहीं किया गया था, तो ऐसे आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा या उम्मीदवार बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया से बाहर होंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ee. इस प्रक्रिया से संबंधित सभी आगामी घोषणाएँ/विवरण समय-समय पर बीईएल की वेबसाइट: www.bel-india.in पर प्रकाशित/उपलब्ध कराए जाएँगे। उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट के करियर खंड में दिए जाएंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

ff. **कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, अनंतिम रूप से चयनित/ सूचीबद्ध उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों को मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे और निम्नलिखित दस्तावेज़ों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ जमा करनी होंगी:**

1) हाल ही का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।

2) जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी अंक कार्ड और कोई अन्य वैध दस्तावेज।

3) शैक्षिक योग्यता के समर्थन में दसवीं कक्षा से शुरू होने वाले सभी प्रमाण-पत्र। इंजीनियरिंग में आईटीआई/ एनएसी /डिप्लोमा, प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष/ सेमेस्टर के अंक पत्र, यदि लागू हो। यदि लागू हो, तो सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण-पत्र।

4) सक्षम प्राधिकारी/ बोर्ड द्वारा जारी इंजीनियरिंग में आईटीआई/ एनएसी/ डिप्लोमा प्रमाण-पत्र पूरा करने से संबंधित अंतिम प्रमाण-पत्र/दीक्षांत प्रमाण-पत्र।

5) यदि लागू हो, तो सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण।

6) अप्रेंटिसशिप अंक पत्र और एनएसी (केवल तकनीशियन 'सी' पद के लिए)

7) अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ दिव्यांग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में अपना प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।

8) 01.10.2024 को या उसके बाद जारी अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में सामुदाय प्रमाण-पत्र जमा करना होगा और वर्ष 2025-26 / 2025 के लिए सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा जारी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण-पत्र स्वीकार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट: www.बीईएल-india.in पर उपलब्ध हैं)।

9) केवल 40 प्रतिशत से कम प्रासंगिक विकलांगता वाले उम्मीदवार ही दिव्यांग वर्ग के रूप में आरक्षण और छूट के पात्र होंगे। विकलांगता प्रमाण-पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया होना चाहिए। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट: www.bel-india.in पर उपलब्ध है)।

10) अपने वर्तमान नियोक्ता (यदि सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत हैं) से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

11) पदों के लिए आवेदन करने वाले भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को भारतीय सशस्त्र बलों (सेना/नौसेना/वायुसेना) के संबंधित प्राधिकारियों द्वारा जारी डिस्चार्ज बुक प्रस्तुत करनी होगी।

12) हरियाणा राज्य के रोजगार कार्यालय में वैध रोजगार पंजीकरण कार्ड। रोजगार कार्यालय का पंजीकरण 05.11.2025(आवेदन की अंतिम तिथि) तक वैध और सक्रिय होना चाहिए।

पद के लिए आवेदन करने हेतु लिंक पर क्लिक करें - https://jobapply.in/bel2025panchkulaeattech

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **05.11.2025** है।

विज्ञापन और आवेदन शुल्क भुगतान से संबंधित प्रश्नों के लिए कृपया हमें ई-मेल: pkhrrect@bel.co.in दूरभाष क्रमांक 0172-2521254 पर संपर्क करें।

आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने से संबंधित तकनीकी सहायता के लिए कृपया ई-मेल आईडी: belpanchkula@jobapply.in पर संपर्क करें।

---

****** *अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र (गैर-क्रीमी लेयर) और निम्नलिखित प्राधिकारियों में से किसी एक द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र केवल अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस से संबंधित होने के उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएँगे: -*

*i.* *जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी/कलेक्टर/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/प्रथम श्रेणी वृत्ति प्राप्त जिलाधिकारी/उप-मंडल जिलाधिकारी /तालुका जिलाधिकारी /कार्यकारी जिलाधिकारी /अपर सहायक आयुक्त*

*ii.* *मुख्य प्रेसीडेंसी जिलाधिकारी /अपर मुख्य प्रेसीडेंसी जिलाधिकारी /प्रेसीडेंसी जिलाधिकारी*

*iii.* *राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे न हो और*

*iv.* *उप-मंडल अधिकारी या वह क्षेत्र जहाँ उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्यतः रहता हो।*